
# दैनिक भास्कर

जमशेदपुर, शुक्रवार, 20 जून, 2025 dainikbhaskar.com


## टीसीएस व विप्रो में एनएसयू के 41 स्टूडेंट्स को जॉब

जमशेदपुर | नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय (एनएसयू) के स्कूल ऑफ आईटी ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता और विद्यार्थियों की सफलता के प्रति प्रतिबद्धता को साबित किया है। बीसीए छठे सेमेस्टर के 41 विद्यार्थियों का चयन देश की दो प्रमुख आईटी कंपनियों टीसीएस और विप्रो में हुआ है। इन सभी को 3.5 लाख रुपए सालाना पैकेज ऑफर किया गया है। एनएसयू के रजिस्ट्रार नागेन्द्र कुमार ने कहा- यह पूरे विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है। विद्यार्थियों ने न सिर्फ पढ़ाई में उत्कृष्टता दिखाई, बल्कि देश की बड़ी कंपनियों की कठिन चयन प्रक्रिया में भी खुद को साबित किया। स्कूल ऑफ आईटी के डीन डॉ रंजन कुमार मिश्रा ने कहा- यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन, प्लेसमेंट सेल की योजना और प्रबंधन के सहयोग का परिणाम है। कई और विद्यार्थियों की प्लेसमेंट प्रक्रिया अंतिम चरण में है।



**इनका हुआ चयन- विप्रो** : मो. राशिद हैदर, निशांत कुमार, चेतन नायक, ताहा नसीम, राहुल मंडल, श्रुति मिश्रा, रीमा पोद्दार आदि। **टीसीएस**: राशि तिवारी, किम शर्मा, शिवानी, अनुप्रिया रानी, मो. फजल, कुणाल सेन, कैफ खान, मोनिका पोद्दार, मीर आलमगीर, सिमरन कुमारी, श्रेयशी महान्ती, हर्ष दुबे, सैफ खान, हिमांशु पांडेय, जे. हेमा, पूजा साहू, लतीफुल रहमान, विकास यादव, निशा महतो, तालिया इकबाल आदि।